**चूँके** बिक्री केवाला दस्तावेज का विवरण है कि हमलोगों के आवश्यक संसारिक खर्च तथा अन्य खर्च के वास्ते रूपये के विशेष आवश्यकता आ जाने पर तफशील प्रकाशित सम्पत्ति बिक्री करने का प्रस्ताव करने पर आप इसे खरीदने के लिए राजी हुए जो कि तफशील प्रकाशित सम्पत्ति कि समयोचित बाजार मूल्य **2,50,000/– (दो लाख पचास हजार)** रूपये आपसे नगद पाकर उक्त तफशील प्रकाशित सम्पत्ति इस केवाला दस्तावेज के द्वारा आपके हाथ बिक्री करते हुए हमलोग तथा हमलोगों के उत्तराधिकारीगण सदा के लिये सम्पूर्ण रूप से निःस्वत्व होकर इसका सब कुछ हक अधिकार दखल कब्जा यानी पूरा–पूरा मिलकियत आपके हाथ हस्तांतरण कर दिया।

आप आज तारीख से बिक्रीत तफशील प्रकाशित सम्पत्ति का सालाना मालगुजारी 05 पैसा, वर्तमान मालिक जमीन्दार झारखंड सरकार का प्रति वर्ष लागान वसुल देते हुए अपने नाम पर चेक दाखिला आदि लेकर उक्त तफशील प्रकाशित सम्पत्ति पर आप अपने इच्छानुसार कच्चा पक्का मकान, कुँआ, बाग–बगीचा आदि तैयार कर तथा दान बिक्री हस्तांतरण आदि सर्व प्रकार के मालिक बन कर वंशानुक्रम पर परम सुख से भोग दखल करते रहेंगे, इसमें हमलोग तथा हमलोगों के उत्तराधिकारीगण किसी को किसी प्रकार का दावी–दावा तथा बजर एतराज नही होगा, और न भविष्य में कर सकेगा, अगर करें तो कानूनन वातिल एवं नाजायज समझा जायेगा।

प्रकाश रहे कि विक्रीत तफशील प्रकाशीत सम्पत्ति सम्पूर्ण रूप से निर्दाय तथा निर्वीवाद अवस्था में है तथा इस पर किसी को किसी प्रकार का कच्चा पक्का एग्रीमेंट या बेनामी हस्तांरण आदि या बैंक मोरगेज एवं किसी प्रकार का ऋण आदि नही है। फिर भी किसी प्रकार त्रूटि रहना प्रमाण आवे तो हमलोग या हमलोगों के उत्तराधिकारी पूरा–पूरा क्षति पूर्ती का दायी होगें। तफशील प्रकाशित भूमि सरकारी भूमि, वन भूमि या सरकारी अधिग्रहण क्षेत्र से बाहर है तथा लेख्यकारी द्वारा स्व अभिप्रमाणित संग्लन कागजात पूर्ण रूपेन सत्य है तथा इसकी सारी जिम्मेदारी बिक्रेता की होगी।